हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री


12 महिला मोर्चा की परिचात्मक बैठक 18 मंडल ...






11 गरीब परिवारों के लिए सहारा बनी बंजारी दाई ...






## खबर संक्षेप

### फर्जी मुख्तियार नामा बनाकर ठगी, अब तक अपराध दर्ज नहीं

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र के एक बुजुर्ग किसान ने एक व्यक्ति के खिलाफ फर्जी मुख्तियार नामा बनाकर उसकी 50 लाख रुपए की जमीन बेच कर ठगी करने की थाने के साथ पुलिस अफसरों के पास तथा मुख्यमंत्री के पास शिकायत दर्ज कराई है। किसान रिखिराम चंद्राकर ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। रिखिराम ने आरोप लगाया है कि गिरीश साहू ने उसकी जमीन का फर्जी मुख्तियार नामा बनाकर प्रशांत चंद्राकर के पास बिक्री कर दिया। जानकारी मिलने पर रिखिराम ने नौ जनवरी को घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं करने पर पीड़ित किसान ने एसपी, आईजी के साथ मुख्यमंत्री के पास शिकायत दर्ज कराई है।

### किशोरी से रेप, आरोपी को 20 वर्ष कैद

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व 12 वर्षीय किशोरी के साथ रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल काछी की प्रथम फास्ट ट्रैक पॉक्सो कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू के मुताबिक कोर्ट ने सोनू चेलक को कैद की सजा सुनाई है। सोनू ने अपनी मौसी के घर घूमने आई किशोरी को डरा धमकाकर अपनी बाइक में बैठाकर 14 दिसंबर 2024 को डूमरतराई में अपने दोस्त के घर ले जाकर बंधक बनाकर उसके साथ रेप किया था।

### अमेरिकन नागरिकों को लोन देने का झांसा देकर ठगी, मोबाइल जब्त

**रायपुर।** गंज तथा राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में कॉल सेंटर की आड़ में अमेरिकन नागरिकों के साथ ठगी करने के मास्टर माइंड को रायपुर पुलिस ने महाराष्ट्र, शोलापुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गुजरात, गोवा, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र में लगातार दबिश देकर मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया। आरोपी मुख्य रूप से गुजरात, अहमदाबाद का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड और पैन कार्ड जब्त किया है। अमेरिकन नागरिकों को ठगी करने के आरोप में पुलिस ने विकास नरेंद्र शुक्ला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह डार्क वेब, स्काइप, लिंक्डइन और टेलीग्राम जैसे प्लेटफार्म के जरिये अमेरिकी नागरिकों का डेटा खरीदता था। इसके बाद काल सेंटर के माध्यम से उन्हें लोन और क्रेडिट स्कोर सुधारने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाकर ठगी का शिकार बनाता था।



# जिला अस्पताल में नवजातों को मिल रही नई जिंदगी, शिशु मृत्यु दर में कमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

- सैकड़ों नवजातों को नि:शुल्क इलाज से मिली नई उम्मीद

जिला अस्पताल द्वारा संचालित मातृ-शिशु अस्पताल में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल की जा रही है। यहां संचालित स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू ) नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे परिजनों को हायर सेंटर या निजी अस्पतालों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

## 780 ग्राम के बच्चों को मिला जीवनदान





### जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत

वहीं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रोशन देवांगन ने बताया कि पिछले दो वर्षों में समय से पूर्व जन्मे 11 गंभीर नवजातों को विशेष देखभाल से पूरी तरह स्वस्थ किया गया है। जिला अस्पताल की इस पहल से न केवल शिशु मृत्यु दर में कमी आ रही है बल्कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत भी मिल रही है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और आधुनिक सुविधाओं से लैस यह यूनिट जिले के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा केंद्र बनकर उभर रहा है।

अस्पताल में नवजातों को निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हाल ही में एक जटिल मामले में समय से पहले जन्मे मात्र 780 ग्राम वजन के शिशु को डॉक्टरों की सतत निगरानी और एसएनसीयू में विशेष देखभाल के जरिए जीवनदान मिला।

करीब 68 दिनों तक उपचार के बाद शिशु का वजन बढ़कर 1 किलो 300 ग्राम हो गया, जिसके बाद उसे स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि सितंबर 2022 से शुरू हुए एसएनसीयू में अब तक सैकड़ों नवजात शिशु स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं।

### समर्थन : उत्कृष्ट कार्य के लिये महिलाएं हुईं सम्मानित

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित जिला पंचायत सभाकक्ष में गुरुवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नारी शक्ति शामिल होकर अपना समर्थन दिया। इस अधिनियम को लोकसभा में लाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने महिलाओं के संघर्ष को समझते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लाये हैं। यह अधिनियम नारी सम्मान को बहुत ऊँचा ले जाएगा। इस अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री का आभार।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु,भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सुनीता यादव,नीलम सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित थीं।

### महिला सशक्तीकरण की ऐतिहासिक पहल

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं का राजनीति में आने के सपने को साकार करेगा। परिवार से सांसद एवं विधायक बनेंगे। जिस समाज में महिला आगे रहती है वह समाज हमेशा आगे बढ़ता है। अधिवक्ता एवं समाज सेवी सोनल केशरवानी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में प्रस्तुत करने से लेकर उसके प्रावधानों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला वहीं महतारी वंदन योजना के हितग्राहियो ने भी अपने अनुभव साझा किये।




### हस्ताक्षर के जरिये दिया अपना समर्थन

इस अवसर पर राजस्व मंत्री सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारियो एवं महिलाओं ने हस्ताक्षर के जरिये नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया। इसके साथ ही खेल, समाज सेवा, जनसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए स्वर्णिम अक्षरों में लिखने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के सम्मान एवं स्वाभिमान को सर्वोपरि रखते हुए इस अधिनियम को लागू कर रहे है। यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। इस अधिनियम के लागू होने से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा जिससे उनके राजनीति में आने के सपने पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और सर्वोच्च पद पर पहुंच रही है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पना को पुरा करेंगे।

### नारी शक्ति के समर्थन में भव्य जनजागरूकता पदयात्रा



भव्य एवं जनजागरूकता से भरपूर पदयात्रा- इसके पूर्व स्थानीय पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल प्रांगण से जिला पंचायत कार्यालय तक एक भव्य पदयात्रा निकाली गई। कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा के नेतृत्व में इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करते हुए जन जागरूकता का सन्देश दिये।

## संकल्प से सिद्धि की ऐतिहासिक यात्रा



**भाटापारा।** भारत सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। यह अधिनियम मोदी सरकार के 'संकल्प से सिद्धि' के विजन को साकार करता है। उक्त बातें चन्द्रप्रकाश साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा ओबीसी मोर्चा छत्तीसगढ़ ने कहीं। उन्होंने कहा 2026 की जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन प्रक्रिया के पूर्ण होने पर लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी। इस प्रावधान से पंचायत से संसद तक महिलाओं का ▸▸ शेष पेज 13 पर

## भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली रैली



**खरोरा।** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीण महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा के नेतृत्व में विशाल महिला सम्मेलन एवं पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने बाइक रैली निकाली। महिलाओं ने एकजुट होकर नारी सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता ▸▸ शेष पेज 13 पर

### शिकार के आरोप में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** वन परिक्षेत्र अर्जुनी में अक्टूबर माह में घटित मादा गौर शिकार प्रकरण में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रकरण में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत गंभीर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना के पश्चात से ही वन विभाग द्वारा सतत निगरानी, मुखबिर तंत्र की सक्रियता एवं विशेष गश्त के माध्यम से आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी। निरंतर प्रयासों एवं प्रभावी रणनीति के फलस्वरूप दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में ▸▸ शेष पेज 13 पर



# छत के रास्ते सूने घर में घुसा चोर, 11 हजार पार, अज्ञात आरोपी की तलाश


हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

थानांतर्गत सिसदेवरी में मंगलवार को चोरी की एक वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात चोर ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, यह घटना गेमेंद्र चंद्राकर के घर में हुई, जहां परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। बताया जा रहा है कि चोर छत के रास्ते घर के अंदर घुसा और सीधे आलमारी तक पहुंचकर उसमें रखी नकदी रुपये



चोरी कर फरार हो गया। प्रारंभिक अंदेशा है कि चोर किसी बड़े अंजाम की फिराक में था, लेकिन परिस्थितियों के चलते वह जल्दबाजी में केवल नकदी लेकर ही भाग निकला।

घटना के समय पूरा परिवार दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाहर गया था, जिससे मकान पूरी तरह सूना पड़ा था। रात्रि करीब 9 बजे जब परिवार के सदस्य वापस घर पहुंचे, तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। घर का ताला टूटा था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी में रखे 11,000 ▸▸ शेष पेज 13 पर




### पहली बार स्व-गणना, स्वयं ऑनलाइन जानकारी भरने की सुविधा

# कलेक्टर ने भरा ऑनलाइन स्व गणना पत्रक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में 16 अप्रैल से स्व गणना शुरू हो गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को सुबह निर्धारित पोर्टल से अपना स्व गणना पत्रक ऑनलाइन भरा। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी। स्पष्ट प्रावधान है कि आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। जनगणना के आंकड़े किसी योजना के हितग्राहियों की



पात्रता के लिए नहीं बल्कि कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं। बताया गया कि शासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए आसान एवं सरल प्रक्रिया के तहत स्व गणना भरने की सहूलियत दी गई है। घर का मुखिया इस फार्म को भर सकते है। एक मोबाइल से केवल एक ही स्व गणना फार्म भरा जा सकता है। यह फॉर्म सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक भरा जा सकता है। इससे एक आई डी प्राप्त होगा जिसे प्रगणक के घर आने पर बताना होगा। यदि स्व गणना फॉर्म नहीं भर पाते तो 1 से 30 मई के बीच प्रगणक घर आकर जानकारी लेंगे। जिले में जनगणना के लिये 1996 प्रगणकों एवं 300 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना- भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में भी दो चरणों में जनगणना होगी।

### मकान सूचीकरण एवं डिजिटल जनगणना सत्यापन अभियान

प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य 01 मई से 30 मई 6 तक किया जायेगा। जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जांच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा। साथ ही चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुनः सत्यापन कर त्रुटियां ठीक करायेंगे। ग्राम व नगर रजिस्टर का प्रारूप व विषय वस्तु, ग्रामीण व नगरीय चार्ज रजिस्टर, प्रगणक, पर्यवेक्षकों व चार्ज अधिकारियों के कार्य, पर्यवेक्षण व कानूनी शक्तियां इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। नागरिकों को स्व-गणना का अवसर प्रदान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### वेदांता पॉवर प्लांट हादसा कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

रायपुर। वेदांता पॉवर प्लांट हादसे को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी जांच समिति का गठन किया है। अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के नेतृत्व में गठित जांच समिति में 9 लोगों को शामिल किया गया है। घटना के संबंध समिति पीड़ित परिवारों से मिलकर स्थिति का जायजा लेगी।
जांच समिति में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के साथ पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, जैजेपुर विधायक बालेश्वर साहू, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, सक्ती जिला अध्यक्ष रश्मि गवेल और जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल शामिल हैं।

### 'राशन एटीएम' का पायलट प्रोजेक्ट लांच करने की तैयारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार राज्य में सरकारी राशन दुकानों में हो रही गड़बड़ियों को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार अब 'राशन एटीएम' का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च करने की तैयारी में है। यह व्यवस्था उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर की तर्ज पर लागू की जाएगी, जहां इस तरह की मशीनें पहले से काम कर रही हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद हितग्राही एटीएम मशीन की तरह ही अपनी फिंगरप्रिंट स्कैन कर राशन प्राप्त कर सकेंगे, इससे पारंपरिक दुकानों पर निर्भरता कम होगी और प्रक्रिया ज्यादा आसान व पारदर्शी बनेगी। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा के मुताबिक, प्रदेश में पहली बार राशन एटीएम मशीनें लगाई जा रही हैं।

### एयरपोर्ट में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन



रायपुर। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में गत दिनों अडानी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी द्वारा स्थापित नए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन कार्यवाहक विमानपत्तन निदेशक केके लहरे द्वारा किया गया। यह पहल रायपुर शहर में हरित अवसंरचना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर वाणिज्यिक एवं विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। नवस्थापित चार्जर की क्षमता 60 किलोवाट है तथा यह सीसीएस टाइप-2 कनेक्टर से सुसज्जित है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए फास्ट चार्जिंग की सुविधा प्रदान करता है।

### रजिस्ट्री दर बढ़ोतरी का विरोध

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जमीन-मकान की रजिस्ट्री दरों में की जा रही बढ़ोतरी पर एतराज करते हुए हुए महिलाओं को दो प्रतिशत की छूट को जनता के साथछलावा करार दिया है । उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश में पंजीयन शुल्कों को तर्कसंगत बनाने 5 फीसदी रखने का सुझाव दे रही है, वहीं छत्तीसगढ़ की सरकार इन सुझावों को ठेंगा दिखाकर 10 फीसदी वसूली कर जनता की जेब पर डाका डाल रही है।

# बांड से सरकार जुटाएगी एक हजार करोड़ रुपए, विकास कार्यों पर खर्च होगी ये रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने विकास योजनाओं के वित्तपोषण के लिए 1000 करोड़ रुपये के सरकारी प्रतिभूति (स्टॉक) जारी करने का निर्णय लिया है। यह राशि दो हिस्सों में जुटाई जाएगी, जिसमें 5 वर्ष और 14 वर्ष अवधि के बॉन्ड शामिल हैं। इनकी नीलामी रिजर्व बैंक आफ इंडिया के माध्यम से की जाएगी।

### विकास योजनाओं के लिए जुटाई जाएगी राशि

वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह ऋण राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए लिया जा रहा है। इस उधारी के लिए केंद्र सरकार की सहमति भी संविधान के अनुच्छेद 293(3) के तहत प्राप्त कर ली गई है। सरकार 500-500 करोड़ रुपये के दो अलग-अलग स्टॉक जारी करेगी—एक 5 वर्ष की अवधि के लिए और दूसरा 14 वर्ष के लिए।

## 5 और 14 वर्ष अवधि के स्टॉक की नीलामी

### 13 अप्रैल को हुई नीलामी

इन सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी 13 अप्रैल 2026 को मुंबई स्थित रिजर्व बैंक आफ इंडिया कार्यालय में ई-कुबेर सिस्टम के जरिए आयोजित की गई। प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक,गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां 10:30 से 11:00 बजे तक जमा की गईं। नीलामी का परिणाम उसी दिन आरबीआई की वेबसाइट पर जारी किया गया।



### निवेशकों को भी मौका

*सरकार ने कुल जारी राशि का 10 प्रतिशत हिस्सा गैर-प्रतिस्पर्धी बोलीदाताओं के लिए आरक्षित रखा है। इसमें व्यक्तिगत निवेशकों और संस्थानों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। हालांकि, एकल बोली के लिए अधिकतम सीमा 1 प्रतिशत तय की गई है।*

### भुगतान और ब्याज की शर्तें

*सफल बोलीदाताओं को 15 अप्रैल 2026 को भुगतान करना होगा। भुगतान नकद, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक या आरबीआई खाते से किया जा सकेगा। इन बॉन्ड पर ब्याज दर नीलामी में तय कट-ऑफ यील्ड के आधार पर निर्धारित होगी। ब्याज का भुगतान हर साल 15 अप्रैल और 15 अक्टूबर को किया जाएगा।*

### अवधि और पुनर्भुगतान

इस राशि की अवधि और पुनर्भुगतान की अवधि इस प्रकार रखी गई है। 5 वर्ष वाले स्टॉक की परिपक्वताः 15 अप्रैल 2031, व14 वर्ष वाले स्टॉक की परिपक्वताः 15 अप्रैल 2040। दोनों ही मामलों में राशि का भुगतान परिपक्वता तिथि पर मूल मूल्य ) पर किया जाएगा।बैंकों के लिए भी फायदेमंद निवेशइन सरकारी प्रतिभूतियों को बैंकों के लिए वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर ) के तहत वैध निवेश माना जाएगा। साथ ही, ये स्टॉक रेडी फॉरवर्ड (रीपो) सुविधा के लिए भी पात्र होंगे, जिससे बैंकों को तरलता प्रबंधन में सहूलियत मिलेगी। यह कदम राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं को वित्तीय मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महासम्मेलन में शामिल हुई हजारों महिलाएं

# सीएम साय बोले- पीएम मोदी ने 12 वर्षों में महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नारी शक्ति महासम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न समाजिक संगठन की महिलाएं हजारों की संख्या में शामिल हुईं। सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, 21वीं सदी में एक बहुत महत्वपूर्ण निर्णय होना जा रहा है। संसद में महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पूरे देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चल रहे हैं।

उन्होंने कहा, आधुनिक भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 12 वर्षों में महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम योजना सहित कई योजनाओं का संचालन महिलाओं के लिए केन्द्र सरकार संचालित कर रही है। देश के सर्वोच्च पद पर एक महिला द्रौपदी मुर्मू देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।




### पीएम का एक ही प्रण मातृत्व वंदन का हो सर्वत्र अभिनंदन- पांडेय

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में पारित हुआ। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले संसद में 1996, 1998, 2008 में प्रस्तुत हुआ, लेकिन इसका समर्थन किसी ने नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2029 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होगा लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को मिलेगा, इसके लिए विशेष सत्र बुलाया है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक निर्णायक कदम- रजवाड़े

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, नारी शक्ति अधिनियम देश की माता-बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने की योजना हैं। महिलाओं की नीति निर्माण तथा राजनीतिक नेतृत्व में सहभागिता सुनिश्चित करने प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री एवं समस्त मातृशक्ति को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा, नारी शक्ति अधिनियम केवल एक विधायी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह उन करोड़ों महिलाओं के समर्थ उनके संघर्ष और उनकी अटूट समर्पण का सम्मान है, जो घर की चार दिवारी से लेकर अंतरिक्ष के अभियान तक भारत का तिरंगा फहरा रही है।

### सीएम के साथ सेल्फी लेने दिखा उत्साह

दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का दृश्य अत्यंत उत्साह और आत्मीयता से भरा रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुँचीं महिलाओं में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सेल्फी लेने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं की उमंग और उत्साह को देखते हुए मुख्यमंत्री ने भी बड़े सहज और स्नेहपूर्ण अंदाज में स्वयं उनके मोबाइल लेकर एक-एक के साथ सेल्फी ली।

### दर्शक दीर्घा में बैठे थे मुख्यमंत्री

नारी शक्ति वंदन टाऊन हॉल महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बहनों के सम्मान में दर्शक दीर्घा के अंतिम कतार में बैठकर नारी शक्ति वंदन अभियान का अभिनंदन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर मौजूद रहें । इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुष्पवर्षा करके बहनों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के सुरक्षा में महिला सुरक्षाकर्मी जुटी हुई थीं, जो नारी शक्ति वंदन महासम्मेलन में चर्चा की विषय बनी रहीं।

### बाइक रैली निकाल कर आभार जताया

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करने के लिए महिला मोर्चा ने बाइक रैली के माध्यम से आभार व्यक्त किया। बाइक स्कूटी रैली राजधानी रायपुर के आजाद चौक से प्रारंभ हुई जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। कार्यक्रम के बाद महिला मोर्चा की बहनों ने नारी शक्ति पदयात्रा निकालकर सदन में महिलाओं की 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एमपी के पेंशनरों को पैसा दे रहा था छत्तीसगढ़, अब साढ़े 10 हजार करोड़ रुपए वापस लेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

मध्यप्रदेश के पेंशनरों को पैसा दे रहा था छत्तीसगढ़, अब 10536 करोड़ रुपए की राशि सरकार वापस लेगी। बंटवारा नियमों की अनदेखी की वजह से यह चूना लग रहा था। बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पेंशन भुगतान विवाद में अतिरिक्त राशि की वापसी पर सहमति बनी है। राज्य सरकार का इसमें से 2000 करोड़ मिल चुका है, जबकि बाकी राशि 6 किस्तों में मिलेगी।

दरअसल, 25 साल पहले मप्र और छत्तीसगढ़ के बंटवारे के वक्त जितने भी पेंशनधारी छत्तीसगढ़ में रह गए और बाद में जो रिटायर हुए, उनकी पेंशन को लेकर एक मानक तैयार किया गया था। बंटवारे की शर्त थी कि इन लोगों की पेंशन को लेकर जो भी वित्तीय भार छत्तीसगढ़ पर आएगा, उसमें हर एक रुपए का 26.63 प्रतिशत पैसा छग को देना होगा। शेष 73.37 प्रतिशत पैसे की भरपाई मप्र करेगा। पेंशन वितरण में भी यह लागू रहा।

### त्रुटिपूर्ण लेखांकन से अतिरिक्त भुगतान

*साय कैबिनेट की बैठक में ये फैसला हुआ है कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के प्रावधानों के अनुरूप छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बीच पेंशन दायित्वों के विभाजन के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्व वर्षों में किए गए 10,536 करोड़ रुपए के आधिक्य पेंशन भुगतान की राशि की वापसी पर सहमति दी गई। बैंकों द्वारा पूर्व में हुए त्रुटिपूर्ण लेखांकन के कारण यह अतिरिक्त भुगतान हुआ था, जिसका पुनर्मिलान एवं सत्यापन संयुक्त दल द्वारा किया गया है।*

### 6 किस्तों में देगी 8536 करोड़ की राशि

*प्रस्ताव के अनुसार, मध्यप्रदेश शासन द्वारा 2,000 करोड़ रुपए की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदान की जा चुकी है तथा शेष 8,536 करोड़ रुपए की राशि आगामी 6 वार्षिक किस्तों में दी जाएगी। मंत्रिपरिषद ने इस व्यवस्था को स्वीकार करते हुए वित्त विभाग को आवश्यक कार्यवाही के लिए अधिकृत किया है।*

### एमपी का शेयर मिल ही नहीं रहा था

हाल ही में छग सरकार में खर्चों का दबाव बढ़ा, तो वित्त की टीम ने पड़ताल शुरू की। पेंशन के आंकड़े देखें, तो पता चला कि मप्र का शेयर तो मिल ही नहीं रहा। यानी पूरा भुगतान छत्तीसगढ़ के खाते से ही हो रहा था। मप्र सरकार भी पैसा देने को राजी हो गई है। मशक्कत इस बात की हो रही थी कि यह पैसा एकमुश्त न देकर दो-तीन साल की किस्तों में दिया जाए।

# छत्तीसगढ़ में यूएपीए मामलों की समीक्षा के लिए प्राधिकरण गठित, 7 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा प्राधिकरण का गठन किया है। यह प्राधिकरण जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों की स्वतंत्र समीक्षा कर अभियोजन स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को सिफारिश करेगा।

### यूएपीए के तहत गठित हुआ प्राधिकरण

गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह प्राधिकरण गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (यूएपीए) 7 की धारा 45(2) के तहत गठित किया गया है। इसका उद्देश्य जांच एजेंसियों द्वारा एकत्रित साक्ष्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन करना और अभियोजन की अनुमति देने से पहले कानूनी जांच सुनिश्चित करना है।

### दो सदस्यीय होगा प्राधिकरण

इस समीक्षा प्राधिकरण में दो सदस्य शामिल होंगे। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश (अध्यक्ष) और विधि एवं विधायी कार्य विभाग के प्रमुख सचिव या अपर सचिव (सदस्य)। यह संरचना सुनिश्चित करेगी कि कानूनी और प्रशासनिक दोनों दृष्टिकोण से मामलों की जांच हो सके। 7 दिनों में देनी होगी रिपोर्टप्राधिकरण को जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों की प्राप्ति के बाद 7 कार्य दिवस के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपनी होगी। यह प्रक्रिया भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और वर्ष 2008 के नियमों के अनुरूप होगी, जिसमें अभियोजन की सिफारिश और स्वीकृति की प्रक्रिया तय की गई है।

### डीजीपी को दिए गए निर्देश

गृह विभाग ने स्पष्ट किया गया है कि प्राधिकरण की सिफारिशों के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई पुलिस महानिदेश छत्तीसगढ़ द्वारा की जाएगी। इससे मामलों के निपटारे में गति आने की उम्मीद है। राज्य सरकार का यह कदम संवेदनशील मामलों में पारदर्शिता बढ़ाने और अभियोजन प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल ठोस साक्ष्यों के आधार पर ही मामलों में आगे की कार्रवाई हो।

# यूसीसी पर कांग्रेस बोली आदिवासियों के अधिकारों पर डाका

## मंत्री का जवाब-'उन्हें हाय तौबा नहीं मचाना चाहिए'

रायपुर। छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने प्रदेश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का फैसला लिया है। इसे लेकर अब नेताओं की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई है। यूसीसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अगर छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू होता, तो सबसे बड़ा नुकसान छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को होगा। यूसीसी छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के खिलाफ है, राज्य में केवल आदिवासी ही ऐसे हैं, जिन्हें प्रदेश में निवासरत अन्य लोगों की अपेक्षा विशेष संवैधानिक संरक्षण मिला हुआ है। उनकी रक्षा के लिए पेसा कानून लागू है और 5 अनुसूची लागू है और भाजपा यूसीसी लाकर आदिवासियों के हितों में डकैती डालने की कोशिश में है।



विपक्ष के आरोपों पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, इसमें किसी को हाय तौबा नहीं मचाना चाहिए। कांग्रेस अपना धर्म निभाये, हम अपना काम करेंगे। मोदी की गारंटी पर हम लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सालों से यूसीसी को लागू करना बीजेपी के एजेंडे में रहा है। आज साय कैबिनेट ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जितनी जल्दी यूसीसी लागू हो हमारी मंशा है। बैज ने कहा, जब से बस्तर में नक्सलवाद खत्म होने की घोषणा हुई है, उसके बाद से ही भाजपा के समर्थित उद्योगपति बस्तर में आदिवासियों की जमीन पर नजरें गड़ाये हुए हैं।

### यह हमारा वादा था, कांग्रेस देश विरोधी ताकतों के साथ खड़ी- यादव

*साय सरकार में विधि मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा, यूसीसी लागू करने का हमारा वादा था। मोदी जी का सीना 56 इंच का है। तुष्टिकरण के लिए काम नहीं करते। कांग्रेस के लोग धारा 370 हटने पर खून की नदी बहने की बात बोलते थे। देश की जनता सभी मुद्दों पर सरकार के साथ रहती है। कांग्रेस देश विरोधी ताक़तों के साथ खड़ी रहती है। कांग्रेस चाहती है देश धर्मांतरित मतांतरित हो जाए।*

# मोतीनगर और प्रगतिविहार में डेढ़ एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

- निगम ने अवैध मुरुम रोड काटकर तत्काल लगाई रोक
- जोन 10 कमिश्नरी क्षेत्र का मामला

नगर निगम जोन 10 के नगर निवेश विभाग की टीम ने रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत मोतीनगर, प्रगतिविहार में कौ शि ल या विहार के पास करीब डेढ़ एकड़ निजी भूमि पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी। स्थल पर निर्मित की गई अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से तत्काल काटकर वहां आने-जाने के मार्ग को अवरुद्ध करते हुए कारगर रोक लगाई।



शहर से लगे आउटर इलाके में सरकारी खाली पड़ी जमीन और निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत थमने का नाम नहीं ले रही है। नगर निगम जोन 10 के रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड के मोती नगर और प्रगति विहार में कौशिल्या विहार के समीप डेढ़ एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत की गई। इस पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और जोन 10 कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के निर्देश पर जोन कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, सहायक अभियंता योगेश यदु, सुशील अहीर और उप अभियंता राहुल थौरानी की उपस्थिति में अवैध मुरुम रोड को काटकर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई गई।

# भरी गर्मी में ओडिशा रूट के यात्रियों की परेशानी, चार दिन नहीं चलेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच ओडिशा रूट में आवाजाही करने वाले यात्रियों की सफर में परेशानी बढ़ने वाली है। इस रूट में संचालित होने वाली चार पैसेंजर ट्रेनों का संचालन पांच दिन प्रभावित रहेगा। लंबी दूरी के यात्रियों पर इसका ज्यादा असर नहीं होगा, मगर नियमित रूप से आवाजाही करने वालों की थोड़ी परेशानी बढ़ सकती है।

- संबलपुर रेल मंडल में होगी गर्डर लॉचिंग, पांच दिन प्रभावित होगी आवाजाही

सूत्रों का कहना है कि पैसेंजर ट्रेन के नहीं चलने की वजह से इसके यात्रियों का दबाव अन्य ट्रेनों पर होगा। ओडिशा रुट पर संचालित होने वाली इन पैसेंजर ट्रेनों में काफी संख्या में यात्री नियमित रूप से आवाजाही करते हैं। रेल मंडल के अधिकारियों के अनुसार 17, 18, 27 एवं 28 अप्रैल को चार ट्रेनों के पहिए थमे रहेंगे। इनमें नंबर 58217 टिटलागढ़–रायपुर पैसेंजर, 58518



रायपुर- टिटलागढ़ पैसेंजर, नंबर 58214 टिटलागढ़–बिलासपुर पैसेंजर और 58513 बिलासपुर–टिटलागढ़ पैसेंजर का संचालन नहीं होगा। अधिकारियों के मुताबिक उक्त कार्यों के चलते यात्रियों की संरक्षा एवं कार्य की सुचारू प्रगति सुनिश्चित करने के लिए ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत डूंगरीपाली - खालियापाली सेक्शन में रेलवे अवसंरचना कार्य के तहत आरसीसी सेगमेंट बॉक्स की स्थापना तथा रिलीविंग गर्डर के लॉन्चिंग एवं डी-लॉन्चिंग कार्य किए जाने हैं। इसके लिए विभिन्न तिथियों में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम झूठी श्रेय लेने की होड़ः कांग्रेस

रायपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भाजपा द्वारा किया जा रहा कार्यक्रम झूठा श्रेय लेने की कवायद है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, महिलाओं की विधानमंडलों में आरक्षण कांग्रेस की समतावादी सोच का परिणाम है। भाजपा की विचारधारा तो महिला आरक्षण की विरोधी रही है। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी हमेशा से प्रयत्नशील थे कि महिलाओं को उनका पूरा अधिकार मिले। कांग्रेस की यूपीए सरकार ने इसके लिए ठोस प्रयास भी किया था। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने संविधान संशोधन विधेयक लाया। विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। उन्होंने कहा, भाजपा राजनैतिक मजबूरी के कारण आरक्षण बिल लाने जा रही है। भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों के कारण अलोकप्रिय हो चुकी है।
मोदी सरकार के विफलता के कारण देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। महंगाई से सबसे ज्यादा परेशान महिलाएं है। महिलाओं की नाराजगी दूर करने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया जा रहा है।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार को मिलेगी मजबूती

### एनडीडीबी के साथ एमओयू में संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी

# साय कैबिनेट ने दुधारू पशु योजना में किया बड़ा बदलाव, अब सभी सामाजिक वर्गों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुधारू पशु प्रदाय योजना का दायरा बढ़ाने का बड़ा फैसला लिया है। अब इस योजना का लाभ सभी सामाजिक वर्गों को मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालकों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कृषि और पशुपालन क्षेत्र को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। साय कैबिनेट ने प्रदेश के पशुपालकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से दुधारू पशु प्रदाय योजना में बड़े बदलावों को मंजूरी दी है। सरकार का मानना है कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार को मजबूती मिलेगी।



### पायलट प्रोजेक्ट का विस्तार और एमओयू में संशोधन

कैबिनेट की बैठक में दुधारू पशु प्रदाय संबंधी पायलट प्रोजेक्ट योजना के दायरे को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। अब इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के समस्त सामाजिक वर्ग के हितग्राही लाभान्वित हो सकेंगे। इसके लिए सरकार ने नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ किए गए एमओयू में संशोधन का अनुमोदन किया है। बदलाव का सीधा उद्देश्य योजना को अधिक समावेशी बनाना है, ताकि राज्य का हर वर्ग इसका लाभ उठा सके।

### सभी वर्गों को मिलेगा लाभ, बढ़ेगी आय

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले इस योजना में जो सीमाएं थीं, उन्हें अब हटा दिया गया है। अब अनुसूचित जनजाति वर्ग के साथ-साथ सभी सामाजिक वर्गों के पात्र हितग्राहियों को दुधारू पशु प्रदान किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि पशुपालकों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### एनडीडीबी के जरिए टीकों की सीधी खरीदी

*कैबिनेट द्वारा राज्य में पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने हेतु आवश्यक टीकाद्रव्यों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एनडीडीबी की सब्सिडरी कंपनी इंडियन इम्यूनोलॉजिकल लिमिटेड, हैदराबाद से टीकों की खरीदी किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। निविदा प्रक्रिया में पर्याप्त प्रतिस्पर्धा न बन पाने एवं जेम पोर्टल पर दर उपलब्ध न होने के कारण टीकों की समय पर आपूर्ति में बाधा आ रही थी, जिससे पशुओं का नियमित टीकाकरण प्रभावित हो रहा था। निर्णय के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनवरी 2027 तक आवश्यक टीकाद्रव्यों का क्रय उक्त एजेंसी से किया जाएगा, जिससे पशुओं में रोगों की रोकथाम, मृत्यु दर में कमी, पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा तथा दुग्ध, अंडा एवं मांस उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित हो सकेगी।*

## खबर संक्षेप

### टेबल-टेनिस में अभिनव करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

**रायपुर।** दिल्ली में 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 16 से 22 अप्रैल तक होगी। इसमें टेबल टेनिस में अभिनव पीटर राज्य का नेतृत्व करेंगे। सेंट पॉल्स चर्च इंग्लिश स्कूल के छात्र अभिनव अंडर-14 स्पर्धा में भाग लेंगे। उनका चयन रायपुर संभाग के खिलाड़ियों में से किया गया है। इसके लिए दुर्ग में 11 से 13 अप्रैल तक 5 खिलाड़ियों का कैंप लगाया गया। अभिनव पूर्व में भी पुणे व भिलाई की प्रतियोगिताओं प्रदेश की टीमों में खेल चुके हैं। पुणे में उन्हें तीसरा स्थान मिला था। उन्हें सप्रे स्कूल में विनय बांसवाड़े ने प्रशिक्षक के रूप में ट्रेंड किया है।



### कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में किया अन्नदान



**रायपुर।** पंजाब नेशनल बैंक रायपुर मंडल द्वारा माना स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में बुधवार को अन्नदान किया गया। जिसमें चांवल, दाल, खाने का तेल, आटा, दाल, सोया बड़ी, छोले, राजमा, आलू, कुकर, पीवीसी पाइप इत्यादि सामग्री दान में दिया गया। पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख वीरेंद्र कुमार शर्मा ने परिसर का निरीक्षण किया, उन्हें कुलदीप निगम वृद्धाश्रम की स्थापना से अब तक के सफर से अवगत कराया गया और सभी बुजुर्गों से सौजन्य भेंट की। साथ ही उन्होंने बुजुर्गों की भविष्य में भी यथा संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विक्की गुप्ता, अक्षय निगम, वृद्धाश्रम के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार निगम, सचिव बिमल घोषाल, वार्डन पारुल चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### संकल्प से सिद्धि ...

प्रतिनिधित्व सशक्त होगा और वे राष्ट्र निर्माण में और प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी। यह अधिनियम न केवल राजनीतिक भागीदारी बढ़ाएगा, बल्कि नीति-निर्माण में महिलाओं के दृष्टिकोण को भी मजबूती देगा। इससे भारत एक समावेशी और सशक्त लोकतंत्र के नए अध्याय में प्रवेश करेगा। हम सभी देशवासियों से आह्वान करते हैं कि इस ऐतिहासिक पहल का स्वागत करें और महिला सशक्तिकरण के इस महायज्ञ में सहभागी बनें।

### भाजपा महिला मोर्चा ...

का संदेश दिया। साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह कदम देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर भाजपा के जिला, ग्रामीण एवं विधानसभा स्तर के पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### मादा गौर शिकार...

सफलता प्राप्त हुई। इस कार्रवाई में प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक गुलशन कुमार साहू, परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी सुश्री रुपेश्वरी दीवान, पार्थ शर्मा तथा बीट अधिकारी ललित कुमार वर्मा, भानुप्रताप आज़ाद एवं संदीप माथुर की टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई।

### सूने मकान में

रुपये गायब मिला। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक (एसआई) राजेश सेन को मौके पर भेजा। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि घर खाली छोड़ते समय सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## समानता और सामाजिक न्याय के उनके संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया

# बाबा साहब की मूर्ति स्थापना के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

विकासखंड के ग्राम परसाडीह में अम्बेडकर जयंती पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापना हेतु भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पूरे गांव में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ की गई। उपस्थित समाजजनों ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के उनके संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, प्रबुद्ध नागरिक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने मूर्ति स्थापना को गांव के लिए गौरवपूर्ण पहल बताते हुए इसे सामाजिक जागरूकता और प्रेरणा का केंद्र बताया।

ग्रामीणों ने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित होने से आने वाली पीढ़ियों को उनके संघर्ष, त्याग और संविधान निर्माण में उनके योगदान की प्रेरणा मिलती रहेगी।



### भिनोदा में मनी डॉ. अंबेडकर की जयंती

**गोपालपुर।** ग्राम पंचायत भिनोदा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर आकर्षक एवं भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसमें डीजे की धुन पर ग्रामीण झूमते नजर आए। रैली पूरे गांव में भ्रमण करते हुए बाबा साहेब के विचारों और उनके संघर्षों का संदेश जन-जन तक पहुंचाती रही। सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुषों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी बना दिया। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर बाबा साहेब की जयंती मनाई गई तथा जोरदार आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया। पूरा माहौल बाबा साहेब के प्रति श्रद्धा, सम्मान और उनके विचारों के प्रति जागरूकता से ओत-प्रोत नजर आया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल एक महान विधिवेत्ता और संविधान निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के प्रबल समर्थक भी थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन में दलितों, वंचितों, महिला और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और उन्हें सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने कहा कि बाबा साहेब केवल किसी एक समाज के नेता नहीं थे, बल्कि वे पूरे देश के मार्गदर्शक हैं। उनके विचार आज भी समाज को एकता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देते हैं।



### कुकराचुन्दा में मनी डॉ. अंबेडकर की जयंती



**हथबंद।** ग्राम पंचायत कुकराचुन्दा के सतनाम चौक में इस वर्ष भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर की गई।इस अवसर पर गांव के प्रतिभावान विद्यार्थियों का विशेष सम्मान किया गया। दसवीं और बारहवीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं—आर्यन कोशले, सृष्टि चौधरी, छात्रा पाल सहित अन्य बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई और प्रोत्साहन दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और योगदान पर प्रभावशाली भाषण भी प्रस्तुत किए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्विनी झग्गर पाल (जनपद सभापति) ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा समाज को दिए गए अमूल्य योगदान का विस्तृत वर्णन किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत आडील ने बाबा साहेब द्वारा स्थापित समानता, एकता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को अपनाने की अपील की। वहीं पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन ढिगड़े ने भी अपने उद्बोधन में बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन सरपंच हरिश वैष्णव ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों का फूलमाला एवं भेंट देकर स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रितम दास बंजारे, धनी राम रजक, अशोक ढिगड़े, सांध राम पंडित, टीका राम, सालिक राम, राम मनोहर पाल, श्याम सुंदर पाल, मोहन साहू, नरोत्तम, पुरुषोत्तम जोशी, महेंद्र साहू, संतराम ध्रुव, प्रकाश पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बिलासपुर में मनी अंबेडकर जयंती



**मुड़पार सरसींवां।** ग्राम बिलासपुर में इस साल भी डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई, जिसमें गुरु घासी दास चौक में लोग एकत्रित हुए और बाबा जी के प्रतिमा के पास कैंडल लाइट जलाकर उनकी शिक्षा को याद किया। साथ ही बच्चों को अंबेडकर के जीवनी के बारे में जानकारी दी गई। उनकी महानता, विचार को जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने प्रेम दीप कुर्रे, नरसिंह प्रसाद महिलाने, दूजे राम जांगड़े, नवधा राम सुमन, राकेश डहरिया, सुनील जांगड़े, दूधनाथ बंजारे, दूजे राम बंजारे, अंजोर सिंह बंजारे, पातली महिलाने, मनीराम महिलाने, मीतराम महिलाने, छोटू कुर्रे, घसिया राम कुर्रे, फागू राम महिलाने, पुरुषोत्तम महिलाने, केवट राम महिलाने, गेसराम सुमन, भागवत महिलाने, तुमेश्वर् दास मानिकपुरी, समारू जाटवर, रसराम सुमन, जोइधा बंजारे, मयाराम बंजारे के साथ गांव के लोग और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# गरीब परिवारों के लिए सहारा बनी बंजारी दाई मछुवा सहकारी समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम नकटी कुम्हारी स्थित बंजारी दाई मछुवा सहकारी समिति मर्या कुम्हारी टैंक द्वारा समाज हित में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। समिति के अध्यक्ष टिकेश्वर निषाद, उपाध्यक्ष लक्ष्मण निषाद एवं सचिव शिवकुमार निषाद के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

समिति के सदस्य शिवचरण निषाद, बुधराम धीवर, छत्रि, शत्रुघ्न, उमेश, झंडीराम सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। विशेष रूप से सदस्य शिवचरण निषाद की प्रेरणा से बंजारी दाई विवाह योजना की शुरुआत 26 फरवरी को की गई।

इस योजना के तहत अब तक 12 जरूरतमंद परिवारों के विवाह संपन्न कराए जा चुके हैं। प्रत्येक विवाह में



2000 की सहयोग राशि प्रदान की जाती है। इसके अलावा अंतिम संस्कार के लिए 1000 की सहायता तथा समिति के सदस्यों द्वारा अतिरिक्त 2000 का सहयोग भी दिया जाता है।


# सीबीएसई में अंबुजा विद्यापीठ का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ, रवान ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कक्षा 10वीं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। विद्यालय के सभी 110 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस वर्ष विद्यालय की छात्रा निहारिका अग्रवाल ने 98.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अरमान साहू ने 97.8% अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा शानवी अग्रवाल ने 97.6% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।







तीनों मेधावी विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

परिणामों के विश्लेषण में सामने आया कि 36 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 75% से 89% के बीच 37 विद्यार्थियों ने अच्छे अंक हासिल किए, जबकि 60% से 74% के बीच 33 विद्यार्थी रहे। केवल 4 विद्यार्थी ही 60% से कम अंक प्राप्त कर पाए, जो विद्यालय के समग्र उच्च प्रदर्शन को दर्शाता है।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि 100% परिणाम प्राप्त करना विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण का प्रमाण है।

उन्होंने टॉपर सुश्री निहारिका अग्रवाल सहित सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि इन छात्रों ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। साथ ही उन्होंने अन्य विद्यार्थियों के प्रयासों की भी सराहना करते हुए कहा कि हर छात्र की उपलब्धि महत्वपूर्ण है।

प्राचार्य ने कहा कि अंबुजा विद्यापीठ में शिक्षा केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।

## गर्मी का प्रकोप, रायपुर बिलासपुर 42 के करीब नांदगांव 43 तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य की सीमा यानी अंबिकापुर और बस्तर को छोड़कर शेष इलाकों में गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। बुधवार को रायपुर, माना और बिलासपुर का तापमान 42 डिग्री के करीब रहा, मगर राजनांदगांव 43 के पार हो गया। तेज धूप से शहर के लोग दोपहर में झुलसते रहे और गर्म हवा का ज्यादा असर खुले इलाके में महसूस हुआ। उत्तर-पश्चिम की हवा अब आग की तपिश लेकर आ रही है, जिससे बुधवार को प्रदेश का काफी इलाका झुलसता रहा। पिछले चौबीस घंटे में लालपुर का तापमान आधा डिग्री बढ़ा, मगर गर्मी का ज्यादा असर शहरी इलाके में देखने को मिला। गर्मी से बचाव के लिए लोग मास्क अथवा हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहनों में आवाजाही करते नजर आए। धूप का प्रभाव इतना अधिक था कि लोग दफ्तरों और घरों से बाहर निकलने से बचते रहे। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी बढ़ने का दौर अगले तीन दिनों तक जारी रहने की संभावना है। इस बीच अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री का इजाफा होने की उम्मीद है। प्रति चक्रवात की उपस्थिति के कारण प्रदेश में अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना है। प्रति चक्रवात की उपस्थिति के कारण, प्रदेश में अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि होने के आसार हैं।

## पाइप लाइन विस्तारीकरण का भूमि पूजन



**लवन।** नगर पंचायत के वार्ड 2, 3 और 9 में पांच लाख की लागत से हो पाइप लाइन विस्तारीकरण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान एवं उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू पार्षद प्रकाश ताम्रकार, येशु दास निराला,हर प्रसाद बार्वे, भारत भूषण साहू, गेंद लाल सेन की उपस्थिति श्रीफल फोड़कर भूमि पूजन किया।

# पनिका समाज महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश अध्यक्ष बनीं तीजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा महिला प्रकोष्ठ का चुनाव कराया गया, जिसमें तीजन मानिकपुरी अध्यक्ष निर्वाचित हुईं, जबकि रामेश्वरी मानिकपुरी उपाध्यक्ष एवं सुचित्रा संजय मानिकपुरी सचिव निर्वाचित हुईं। कोषाध्यक्ष एवं सहसचिव पद पर शंकुतला दास एवं पचहत्तरी बाई निर्विरोध निर्वाचित हुईं।छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के तत्वावधान में समाज के प्रदेश स्तरीय महिला प्रकोष्ठ का निर्वाचन गत 12 अप्रैल रविवार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत कराया गया। इसके लिए प्रदेश के पांच संभागों क्रमशः रायपुर,बिलासपुर, बस्तर सरगुजा एवं दुर्ग संभाग में मतदान केन्द्र बनाए गए। अध्यक्ष पद के लिए कुल पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।



■ रामेश्वरी उपाध्यक्ष एवं सुचित्रा को सचिव का दायित्व

मतदान के बाद समाज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद की प्रत्याशी अंजलि मानिकपुरी को कुल 659 मत, सुश्री लीला मानिक को 561, शांति महंत को 551, तीजन मानिकपुरी को 779 एवं तीरिथ कुमारी मानिकपुरी को 215 मत प्राप्त हुए। जबकि 119 मत अवैध घोषित हुए। इस प्रकार तीजन मानिकपुरी सर्वाधिक मत पाकर अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में केवल दो प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें इंदिरा मानिकपुरी को 1114 और रामेश्वरी मानिकपुरी को 1435 वोट मिले जबकि 336 मत अवैध घोषित हुए।इसी तरह सचिव के लिए भी केवल दो ही प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें दीपमालिका मानिकपुरी को 1135 एवं सुचित्रा संजय मानिकपुरी को 1397 वोट मिले। इस प्रकार रामेश्वरी मानिकपुरी उपाध्यक्ष एवं सुचित्रा संजय मानिकपुरी सचिव निर्वाचित हुईं। जबकि कोषाध्यक्ष एवं सहसचिव पद हेतु एक एक नामांकन पत्र दाखिल हुए इसलिए इन दोनों पदों पर क्रमशः शंकुतला दास मानिकपुरी एवं पचहत्तरी बाई मानिकपुरी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इससे पहले समाज के प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का निर्वाचन भी प्रत्यक्ष प्रणाली से कराये जाने का निर्णय लिया गया था और नामांकन पत्र भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन पूरे प्रदेश में कुल छह पदों के लिए केवल एक एक नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इनमें रवि रघुवेन्द्र दास मानिकपुरी लवन राज से प्रदेशध्यक्ष हिरमन दास महंत कोरबा प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम दास मानिकपुरी खैरागढ़ प्रदेश सचिव, भारती महंत रायगढ़ प्रदेश सचिव सोनादास मानिकपुरी सूरजपुर प्रदेश सहसचिव एवं विमल दास मानिकपुरी कोटा बिलासपुर प्रदेश कोषाध्यक्ष है।

# पानी की समस्या सुनने नहीं बन पाया हेल्पडेस्क, टोल फ्री नंबर भी जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने जल विभाग अध्यक्ष संतोष-सीमा साहू के साथ जल बोर्ड और जल विभाग के अधिकारियों की गांधी सदन में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को लेकर महात्मा गांधी सदन के सभागार में समीक्षा बैठक ली। इसमें नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में पानी की समस्या का त्वरित निदान करने मुख्यालय स्तर पर टीम गठित करने का ऐलान किया गया। यही नहीं, शहर की आम जनता की सुविधा के लिए नगर निगम की ओर से एक टोल फ्री नंबर जारी करने की घोषणा की गई, ताकि शहर के किसी भी क्षेत्र से पानी की समस्या को लेकर शहरवासी घर बैठे अपनी समस्या बता सकें। लोगों के कॉल रिसीव करने व्यवस्था दी गई, पर अब तक न तो शहरी सरकार ने महात्मा गांधी सदन में कोई हेल्प डेस्क बनाया, न ही पेयजल समस्या सुनने टोल फ्री नंबर जारी हुआ।

दरअसल, शहर के कुछ रहवासी इलाकों में तेज गर्मी के कारण नगर निगम द्वारा लोगों के घरों में लगाए गए नलों में लो प्रेशर की समस्या बनी हुई है। यही नहीं, आउटर के वार्डों में टेल एंड तक पानी नहीं पहुंचने की शिकायत लगातार आ रही है, पर इन शिकायतों के निराकरण के लिए न तो जोन स्तर पर कोई टीम बन पाई और न ही मुख्यालय स्तर पर इसकी मानिटरिंग का सिस्टम बन पाया है।

### जोन 9 के वार्डों में सबसे ज्यादा पानी की समस्या, जोन कमिश्नर ने मांगे 20 पानी टैंकर

दो दिन पूर्व महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप की मौजूदगी में जल बोर्ड और जल विभाग के अधिकारियों के साथ जल वितरण व्यवस्था को लेकर बुलाई गई विशेष बैठक में जोन 9 कमिश्नर राकेश शर्मा द्वारा जोन 9 के सात वार्डों में टेल एंड तक पीने का पानी नही पहुंचने की समस्या बताते हुए जल संकट प्रभावित इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए 21 पानी टैंकर की मांग की गई। उनका कहना था कि जोन 9 के ज्यादातर वार्डों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति क्रिटिकल है, ऐसे में प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर की व्यवस्था प्रमुखता से करने की जरूरत है। इनमें बैरागी डेरा बीएसयूपी कालोनी,वृंदावन कालोनी, खेमका बीएसयूपी के अलावा दलदल सिवनी के दया विहार, द्वारिका विहार कालोनी में पेयजल संकट ज्यादा है। इसके साथ ही नेताजी सुभाष चंद बोस वार्ड के रहवासी नलों में लो प्रेशर की समस्या से बेहद परेशान हैं। वार्ड पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने पूर्व में पानी की समस्या को लेकर जोन दफ्तर घेराव के लिए अल्टीमेटम भी दिया था।

## प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के गोपी बने संगठन महामंत्री



**रायपुर।** गत दिनों प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू की अनुशंसा पर प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के संयोजक शशिकांत द्वारा प्रदेश युवा प्रकोष्ठ में विभिन्न पदों पर नियुक्त की गई। इसमें रायपुर धरमपुरा निवासी गोपी साहू को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए संगठन महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। छग प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू ने गोपी साहू को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में युवा विंग और अधिक सक्रिय, संगठित व सशक्त बनेगा।



## खबर संक्षेप



### दशरमा में पोषण पखवाड़ा एवं गोद भराई कार्यक्रम

**रिसदा।** जिले से लगे ग्राम पंचायत दशरमा में 9 से 23 अप्रैल तक प्रदेश सहित जिले के सभी आंगनबाड़ी में केंद्रों में पोषण पखवाड़ा अभियान चल रहा है। इसी तारतम्य में जिले के ग्राम पंचायत दशरमा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में पोषण पखवाड़ा एवं गर्भवती महिला की गोद भराई रस्म कार्यक्रम मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच मधु नीलकंठ साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कलावती पैकरा, प्रमिला पैकरा सहायिका कामीन साहू ग्राम की नारी शक्ति एवं महिला समूह सम्मिलित हुए।

### पूर्व माध्यमिक स्कूल में बच्चों को परोसा गया न्योता भोज



**खरोरा।** कलेक्टर रायपुर की नवीन पहल आओ खुशियां बांटें के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिठिया की शिक्षिका अरुणा तिवारी ने अपने जन्मदिन को खास अंदाज में मनाया। उन्होंने आंगनबाड़ी, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के लिए न्योता-भोज का आयोजन कर अपनी खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों को छोले-पूरी और मिठाई परोसी गई, जिसका सभी बच्चों ने खुशी-खुशी आनंद लिया। कार्यक्रम में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिठिया के समस्त शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। बताया गया कि इस पहल के लिए उन्हें जिला प्रशासन रायपुर द्वारा मैसेज और कॉल के माध्यम से प्रेरित किया गया था। इस तरह के आयोजन से बच्चों में खुशी का माहौल बना और समाज में सकारात्मक संदेश भी प्रसारित हुआ।

### सीबीएसई 10वीं के परिणाम घोषित

**गोपालपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा







बोर्ड की कक्षा 10वीं परीक्षा सत्र 2025–26 का परिणाम घोषित किया गया। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, खम्हरिया के विद्यार्थियों ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र रिद्धिमान खांडेकर पिता विश्वनाथ खांडेकर ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। माया टंडन पिता डीआर टंडन ने 72 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, जबकि स्वाति यादव पिता सवधराम यादव ने 65 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्राचार्य मनोज रात्रे ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिणाम सीखने की प्रक्रिया का एक हिस्सा है और निरंतर प्रयास से बेहतर सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा अन्य विद्यार्थियों को आगे और बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

### अनुपम गार्डन के सामने बांटे सकोरा

**रायपुर।** गर्मी तेजी से बढ़ती जा रही है, ऐसे में चिड़ियों की प्यास बुझाने के लिए एक अभिनव पहल संयुक्ता फाउंडेशन द्वारा की गई। फाउंडेशन द्वारा अनुपम गार्डन के सामने सकोरा का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की सहयोगी वसुधा पांडेय, दीपक साहू, डॉ. आरती शुक्ला मौजूद रहीं।

# नहीं काटा जाएगा किसी भी उपभोक्ता का नल कनेक्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा**

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा पालिका कार्यालय में राजस्व वसूली, जल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रीष्मकालीन जल आपूर्ति की व्यवस्था, राजस्व वसूली की रणनीति तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'मिशन मोड' में कार्य करने के निर्देश दिए। जल आपूर्ति एवं राजस्व वसूली काटें नहीं, जोड़ें की नीति पर जोर दिया।भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष शर्मा ने निर्देश दिए कि वर्तमान में किसी भी नागरिक का नल कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता है और गर्मी में किसी को भी इस सुविधा से वंचित नहीं किया जा सकता।शहर में संचालित सभी अवैध नल कनेक्शनों को चिन्हित कर उन्हें वैध करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे सख्ती के बजाय घर-घर जाकर नागरिकों को प्रेरित करें और जल कर व अन्य राजस्व की वसूली सुनिश्चित करें। सभी वार्डों में पानी के दबाव की नियमित मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि टेल-एंड (अंतिम छोर) तक भी पानी सुचारू रूप से पहुंचे।

## पालिका अध्यक्ष ने ली राजस्व वसूली, जल विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक

### कड़ी निगरानी के निर्देश

बैठक के दूसरे चरण में स्वास्थ्य विभाग एवं 'मिशन क्लीन सिटी' के सुपरवाइजरों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक सुपरवाइजर को अपने क्षेत्र में रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करनी होगी। कचरा संग्रहण वाहनों की समयबद्धता एवं गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण की प्रक्रिया को 100 प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए।




### स्वच्छता और जिम्मेदारी पर जोर

हमारा उद्देश्य केवल कर वसूलना नहीं, बल्कि शहरवासियों को उत्कृष्ट और संवेदनशील सेवाएं प्रदान करना है। भीषण गर्मी में किसी का नल कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, लेकिन नागरिकों से अपेक्षा है कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अवैध कनेक्शनों को वैध कराएं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 हमारे लिए गर्व और प्रतिष्ठा का विषय है। सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्र एकजुट होकर कार्य करें, ताकि भाटापारा स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श नगर के रूप में स्थापित हो सके।

## पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपकर संगठन को मजबूत किया

# गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने शिवसेना चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**



छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार पहुंचे जिला मुख्यालय बलौदाबाजार, उनके आगमन के चलते शिव सैनिकों ने शहर भर को स्वागत फ्लैक्स बैनर व पार्टी झंडा से पाट दिया था। नगर के अंबेडकर चौक पर पहुंचते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर स्वागत किया। बाइक रैली के रूप में काफिला सदर बाजार रोड, दशहरा मैदान, बस स्टैंड, गार्डन चौक होते हुए सर्किट हाउस पहुंचा। वहीं सर्किट हाउस सभाकक्ष में जिले के पदाधिकारियों का बैठक ली।

- शिवसेना से दिलीप चतुरे जिला उपाध्यक्ष व योगेश्वर वैष्णव बने जिला सचिव

इस बैठक में प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मधुकर पांडेय, महासचिव रेशमलाल जांगड़े, एच एन सिंह पालीवार, प्रदेश समन्वयक कृष्णा यादव, युवा सेना प्रदेश अध्यक्ष शशांक देशमुख, प्रचार सचिव कमलाकर यादव विषेश रूप से शामिल हुए। जहां संगठनात्मक बैठक हुई, शिवसेना पार्टी द्वारा राज्य में जुलाई माह से चलाए जा रहे अभियान गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने व उनके सुरक्षा हेतु महा हस्ताक्षर जिले के सभी शहरों और गांवों क्षेत्र में चालाने निर्देशित किया गया और आगामी मई माह में भाटापारा शहर में हिन्दु राष्ट्र मोर्चा निकालने का निर्णय लिया गया। वहीं कुछ लोगों को नये दायित्व सौंपा गया, जिसमें जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव को प्रदेश सचिव बनाते हुए लवन कसडोल व पलारी का प्रभार दिया, योगेश्वर वैष्णव को जिला उपाध्यक्ष व दिलीप चतुरे को जिला सचिव, बलौदाबाजार शहर अध्यक्ष उमाशंकर साहू व उपाध्यक्ष शैलेश जांगड़े को नियुक्ति पत्र व पार्टी का भगवा गमछा भेंट कर जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस दौरान प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, जिला महासचिव ओंकार वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. एवन टंडन, सचिव इंद्रजीत साहू, खिलेंद्र सेन,राजु मानिकपुरी, सनत देवांगन, वैभव चौबे, टिकाराम, भुपेश निषाद, पंकज यादव, नेतराम निषाद, दिनेश घृतलहरे समेत सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रोहिना में सहकारी समिति का शुभारंभ




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसनाला**

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रोहिना का उद्घाटन जनपद सदस्य सुनीति अशोक साहू के मुख्य नेतृत्व में हुआ। इस दौरान किसानों एवं भाजपा के क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से भटगांव मंडल के धीरज दीक्षित, जनपद उपाध्यक्ष रेवती चंद्रा,अहीर लाल यादव वरिष्ठ भाजपा नेता, नारायण साहू सरसीवां नगर पंचायत उपाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष जालान ,ग्राम पंचायत रोहिना के सरपंच सुदर्शन सिंह प्रधान, समिति के कर्मचारीगण गिरिजा शंकर साहू, चंदन बघेल सूकलाल ,अजय साहू एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। सुनीति अशोक साहू जनपद सदस्य ने किसानों के हित में किए गए कार्यों को गिनाते हुए अपना आभार व्यक्त किया। जनहित में समर्पित जनपद सदस्य सुनीति अशोक साहू ने रोहिना प्राथमिक कृषि साख समिति के खुलने पर अपने क्षेत्र के ग्राम गिरासा, सोनियाडीह, धोबनीडीह, हरदी, जुनवानी के किसानों को बहुत दी। साथ ही सामान्यजन व किसानों के सभी कार्यों के लिए पहली पंक्ति में रहकर हर संभव संघर्ष करने की बात की।

## सीबीएसई 10वीं में पीएम श्री नवोदय की तीन छात्राओं ने लहराया परचम



**लवन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में बुधवार को कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस वर्ष पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया।

विद्यालय की छात्रा तनिष्का सेठ ने 97.8% (489 अंक) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं योगिता पटेल ने 97% (485 अंक) के साथ द्वितीय स्थान तथा धारिका डड़सेना ने 95.2% (476 अंक) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त निशांत कुमार साहू (93.6%), गौरव टंडन (93.4%) एवं नीरज कुमार कुर्रे (92.6%) सहित अनेक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा में सम्मिलित कुल 40 विद्यार्थियों में से अधिकांश ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जो विद्यालय के उच्च शैक्षणिक स्तर को दर्शाता है। प्राचार्य दिलीप ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

# खरोरा के प्रवीण लाटा को नई दिल्ली में मिला सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**



केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने देशभर में अनुसूचित जनजाति समुदायों को सशक्त बनाने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा निभाई गई परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला । नई दिल्ली में 10 अप्रैल को आयोजित 25वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए ओराम ने इस निगम को जनजातीय उद्यमिता के लिए एक उत्प्रेरक बताया।जन-केंद्रित दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने निगम के उस मुख्य उद्देश्य को रेखांकित किया जिसके तहत वह बिना किसी गारंटी के वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जिससे जनजातीय लाभार्थियों तक इसकी पहुंच और अधिक व्यापक हो सके। मंत्री ने इस बात को दोहराया कि रोजगार सृजन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और व्यक्तियों को रोजगार चाहने वाला बनने के बजाय रोजगार देने वाला बनने में सक्षम बनाना है। मीडिया से बात करते हुए, श्री ओराम ने कहा कि निगम ने लाभार्थियों को 16 लाख से अधिक ऋण वितरित किए हैं, और अब तक कुल संवितरण (वितरित राशि) 4 हजार करोड़ से अधिक हो चुका है।

- केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम ने किया सम्मानित

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम ने नई दिल्ली के विश्व युवा केंद्र में अपना 25वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव रंजना चोपड़ा, संयुक्त सचिव अनंत प्रकाश पांडे, प्रबंध निदेशक टी. रौमुआन पाइते, साथ ही निगम के पूर्व सीएमडी और देश भर की राज्य चैनलिंग एर्जेंसियों के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

केंद्रीय जनजाति मंत्री जुएल ओराम द्वारा छत्तीसगढ़ से चयनित जिला बेमेतरा में पदस्थ (कार्यपालन अधिकारी) प्रवीण लाटा का स्वागत किया और एनएसटीएफडीसी सावधि ऋण योजना के तहत व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने में उनके प्रयासों की सराहना की। मंत्री द्वारा लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## उर्स पर चादरपोशी कर मांगी अमन चैन की दुआ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी**



गुरुवार को उर्स के मुबारक मौके पर नगर पंचायत में हजरत सैय्यद अब्बास अली रह. अलैह एवं मस्ताना शाह रह. अलैह मस्जिद में चादर चढ़ाकर नगर की सुख-शांति के लिए मत्था टेका गया। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा यशवर्धन मोनू वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ में भाजपा मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, पार्षद भूषण ठेठवार, पार्षद देवेन्द्र बंटी वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम यादव, भाजपा मीडिया प्रभारी योगेश योगी वर्मा, इश्लाम बेग, मुस्तफ़ा बेग, फाजल खान, प्रेमदास बघेल उपस्थित थे।

श्री वर्मा ने दरगाह में चादर पेश कर नगरवासियों की खुशहाली, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करते हैं तथा समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने श्रद्धा भाव से दुआएं मांगी। पूरा वातावरण भक्ति और आस्था से ओतप्रोत रहा।

## महिला मोर्चा की परिचात्मक बैठक, 18 मंडल के सदस्य शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा**



महिला मोर्चा की पहली परीचात्मक बैठक जिला अध्यक्ष सुनीता वर्मा के नेतृत्व में हुई, जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, मंजू वर्मा, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलम सोनी, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य सरिता जायसवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और 18 मंडल के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे। जिला के पदाधिकारी जिला महामंत्री, मीडिया प्रभारी, उपाध्यक्ष, कोषा अध्यक्ष, महामंत्री सदस्य समेत सभी की उपस्थिति थी। इस दौरान जिला अध्यक्ष आनंद यादव द्वारा सभी बहनों को गमछा देकर सम्मान किया गया। नारी शक्ति वंदन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करने के लिए महिला सभी बहनों द्वारा रैली निकालने में चर्चा की गई। इस दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री गीता अग्रवाल द्वारा और आभार जिला महामंत्री निर्मला रजक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## सुपोषण चौपाल और स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश

# डोंगरिया में सुपोषण चौपाल एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंध**



आंगनबाड़ी केन्द्र डोंगरिया में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सुपोषण चौपाल एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर सुपरवाइजर लक्ष्मी नायक के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को ध्यान में रखते हुए अन्नप्राशन संस्कार किया गया, जिसमें कुल 4 बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की तथा पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधि ओमकार (राजा) धृतलहरे, मालीराम जांगड़े (सरपंच), पंच किरण बंजारे (उपसरपंच), सचिव धीरज साहू, सानेल कुमार टंडन सहित समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता टंडन, प्रमिला टंडन एवं अन्य सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में जयपाल साहू, सविता धृतलहरे, रामकुमार बंजारे, प्रमिला ध्रुव, स्नेह वर्मा, कविता टंडन, महेश निषाद, रमन टंडन, किरीश ध्रुव, लता देवांगन, वंदना, देवागन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों को कुपोषण से बचाव, संतुलित आहार एवं बच्चों के समुचित विकास के प्रति जागरूक किया गया।

